

## आज 30 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 8 जनवरी. भोपाल शहर में शुक्रवार को मेंटनेंस के लिए करीब 30 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.**

शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मिसरोद, श्रीराम कॉलोनी, स्नेहा नगर, मोहिनी दीप, गायत्री विहार फेस 3. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिव नगर, सुलभ कॉम्पलेक्स, रत्नागिरी, पुलिस चौकी, सहकारी परिसर, कल्पना नगर, सोनागिरी ए और बी सेक्टर. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सुरभि मोहिनी, इसरो कैम्पस, कंचन नगर, सिद्धार्थ पैलेस, आधारशिला ईस्ट ब्लॉक, सुभालय. सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक 11 मिल टावर, भोजपुर तिराहा, अंबिका गृह निर्माण समिति. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक अंसल ग्रीन एवं सुबह 11 से शाम 4 बजे तक अरेरा क्लब, 74 बंगलो, निशात कॉलोनी, रेडक्रॉस में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# समाज संगठित और राष्ट्र के प्रति बने जिम्मेदार

## राजधानी भोपाल के राजेंद्र नगर में हुए हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने नागरिकों से किया आह्वान

**भोपाल, 8 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को राजधानी भोपाल में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. प्रताप भाग के राजेंद्र नगर अंतर्गत पुरुषोत्तम नगर बस्ती स्थित एकतापुरी ग्राउंड में हुए सम्मेलन में सकल हिंदू समाज के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे. सम्मेलन का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना रहा.**

कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी, वृंदावन से पधारे ज्ञानेश्वर महाराज तथा आभा चौहान ने मार्गदर्शक वक्तव्य दिए. वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष को आत्ममंथन, संकल्प और समाज जागरण का विशेष अवसर बताते हुए हिंदू समाज की एकता और समरसता पर बल दिया.

सह संघचालक डॉ. सेठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सौ वर्षों से व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्य में सतत रूप से लगा हुआ है. संघ का कार्य किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण समाज को जोड़कर राष्ट्र के उत्थान की दिशा में आगे बढ़ना ही उसका उद्देश्य है.

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज संगठित, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बने. जब प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्व को समझेगा, तभी सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण संभव होगा. वृंदावन से पधारे ज्ञानेश्वर महाराज ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी सांस्कृतिक जड़ों और जीवन मूल्यों में निहित है. जब समाज अपने संस्कारों को पहचानता है और उन्हें जीवन में उतारता है, तब राष्ट्र स्वत: सुदृढ़ होता है. उन्होंने धर्म को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न मानते हुए उसे जीवन जीने की पद्धति बताया और समाज से आग्रह किया कि वह अपने आचरण से संस्कारों का संरक्षण करे.

**महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण :** आभा चौहान ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण मातृशक्ति के माध्यम से ही संभव है. उन्होंने समाज से आह्वान किया कि समरसता और सहयोग के भाव से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रहित में योगदान दें.

## चार इमली में सुंदरकांड पाठ, खाटू श्याम की महाआरती

**भोपाल, 8 जनवरी.** सकल हिंदू समाज, चार इमली कॉलोनी द्वारा गुरुवार को श्री गणेशाय नम: के मंगलाचरण के साथ श्री क्रांति ईश्वर शिव मंदिर, चार इमली कॉलोनी में शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड भजन संध्या का आयोजन किया गया. भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ एवं भजनों का श्रवण किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया.



द्वितीय आयोजन के अंतर्गत उसी दिन श्री खाटू धाम साईं धाम मंदिर, चार इमली में श्री साईं बाबा एवं श्री खाटू श्याम बाबा की गुरुवार महाआरती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई. रात्रि 8 बजे संपन्न महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की. इन दोनों धार्मिक आयोजनों के अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा आगामी भव्य हिंदू सम्मेलन की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी गई. उल्लेखनीय है कि चार इमली बस्ती के पांच मोहल्लों-चार इमली, आरबीआई, एसबीआई, बोर्ड कॉलोनी (रविशंकर नगर) एवं ऋषि नगर-का संयुक्त हिंदू सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बोर्ड कॉलोनी के मैदान में आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन में संत, कथावाचक, मातृशक्ति एवं समाज के प्रबुद्ध वक्ता धर्म, संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं 'पाँच परिवर्तन' जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे. सकल हिंदू समाज ने दोनों आयोजनों में उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में सपरिवार उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं.



## मंत्री सारंग ने नरेला विस क्षेत्र में किया भूमिपूजन

**भोपाल, 8 जनवरी. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विस्तार करते हुए विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया.**

मंत्री सारंग ने 80 फीट रोड, अशोका गार्डन से भोपाल रेलवे स्टेशन तक, विवेकानंद चौराहे से ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग तक, तथा सुभाष नगर से रायसेन रोड तक डामरीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया. इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 71 में नेहरू स्कूल से सेठी नगर पुलिया तक सीसी रोड निर्माण तथा गुप्ता कॉलोनी की आंतरिक सड़कों में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया.

मंत्री सारंग ने मंच से ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में सभी विकास कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी. तथा कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए.

### एक नजर में




#### घोड़ा नक्कास में हिंदू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन

**भोपाल, 8 जनवरी.** साहू समाज मंदिर घोड़ा नक्कास बस्ती में 11 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए गुरुवार को भूमिपूजन किया गया. सम्मेलन के प्रचार प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि आयोजन के आमंत्रण के लिए भजन मंडली के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है. इस अभियान में राकेश गुप्ता, महेश मालवीय, कैलाश यादव, प्रेमलाल यादव, राम भाई प्रजापति, शाहिद, अवनी शर्मा, आशीष सिंह ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता जुटे हैं. 11 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होने वाले सम्मेलन में भारतमाता की महाआरती, महिलाओं द्वारा थाली सजाओ कार्यक्रम, संगीतमय सुंदरकांड पाठ और समरसता भोज होगा.




#### नगर निगम अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

**भोपाल, 8 जनवरी.** नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने गुरुवार को अंकुर मैदान में महर्षि मैत्री मैच श्रृंखला सत्रम-6 के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका सम्मान किया. इस अवसर पर आयोजन समिति वैदिक ब्राह्मण खेल युवा कल्याण समिति भोपाल द्वारा निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी का भी सम्मान किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रशंसक एवं आयोजन समिति के सदस्यगण मौजूद थे.

## मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 11 को

**भोपाल, 8 जनवरी. मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष पद का त्रिवार्षिक चुनाव 11 जनवरी को देवी विजयासन धाम सलकनपुर में सुबह 10 बजे से होगा. प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि इस निष्पक्ष चुनाव के लिए डॉ. सियाराम साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है.**

इस महत्वपूर्ण चुनाव में 1300 से अधिक मतदाता प्रदेश अध्यक्ष चुनेंगे. यह निर्वाचन मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश के. साहू एडवोकेट (इटारसी) के नेतृत्व में होगा. उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में हरिशंकर साहू, अनिल कुमार साहू अकेला, रामगोपाल साहू (आरोन) एवं शोभा साहू (कुंभराज) कार्य करेंगे. प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं महासचिव रमेश साहू (बैरसिया) ने बताया कि सलकनपुर में चुनाव संबंधी व्यवस्थाएं रामनारायण साहू (रेहटी), जिला अध्यक्ष सुभाष साहू (सीहोर) तथा नर्मदापुरम जिले की पदाधिकारी टीम द्वारा की जा रही है. चुनाव स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व जितेन्द्र साहू (भोपाल) को सौंपा गया है.

## फिल्म की कहानी ने दर्शकों को किया भावुक

### प्रशासन अकादमी में ईरानी फिल्म बरन की स्क्रीनिंग

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 8 जनवरी. आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में बुधवार देर शाम सिने क्लासिक द्वारा प्रस्तुत ईरानी फिल्म बरन की कहानी ने दर्शकों को भावुक कर दिया.**



फिल्म की शुरुआत ही निर्माण स्थल के शोर और धूल से होती है जहां मजदूरों के बीच 17 वर्षीय लतिफ सामान्य सी जिंदगी जीते दिखाई देता है. धीरे धीरे कहानी उस मोड़ पर आती है जहां नया मजदूर रहमत असल में बरन यानी एक लड़की निकलती है ,जो अपने परिवार को पालने के लिए लड़के का भेष धरकर काम कर रही है. इस दृश्य के बाद लतिफ की आंखों में जो मासूमियत दिखी, वहीं फिल्म की धड़कन बन गई.

फिल्म में होसेन अबेदीनी ने लतिफ के किरदार को इतने सहजपन से निभाया कि दर्शक उसके हर भाव से जुड़ते जाते हैं. बरन बनी जाहरा बहारमी एक शब्द बोले बिना अपनी आंखों और हर हरकत से पूरी दुनिया कह देती है.

मजदूरों के कठोर जीवन, बारिश की बूंदों में चमकती मिट्टी और चाय के धुएं से उठती मौन करुणा को सिनेमैटोग्राफर हसन पुलदाद ने बेहद खूबसूरती से कैद किया है. माजिद मजीदी का निर्देशन एक ओर चुप्पी को आवाज देता है. तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे दृश्य, देखने वालों को झकझोरते हैं.

फिल्म में कोई ऊंची आवाज या नाटकीय संवाद नहीं है. इसके बावजूद हर दृश्य मन पर उतना ही गहरा असर छोड़ता है जितनी बरसती बारिश. संगीतकार अमीन आला देह का संगीत पृष्ठभूमि में बहते हुए भावनाओं को थामे रखता है. वहीं बरन का हर फ्रेम मानो यह कहता है कि प्रेम पाने की जिद नहीं, बल्कि किसी के जीवन को आसान बनाने की चाह ही असली प्रेम है.

## हरदीप ने शॉट पुट, डिस्कस थ्रो में जीते स्वर्ण

### भेल स्पोर्ट्स क्लब में हुई राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट



**भोपाल, 8 जनवरी. हरदीप सिंह सैनी ने भेल स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में शॉट पुट और डिस्कस थ्रो प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं.**

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जो 28 से 31 जनवरी तक त्रिवेंद्रम में आयोजित होगी. सैनी इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे.

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. उन्होंने पहला स्थान प्राप्त कर भोपाल जिले का नाम रोशन किया. खेल गतिविधियों के अतिरिक्त, हरदीप साकेत नगर स्थित गुरुद्वारा में सेवादार के तौर पर भी सक्रिय हैं.

## एम्स भोपाल में चौथा अनुसंधान दिवस का आयोजन कल

**भोपाल, 8 जनवरी.** एम्स भोपाल द्वारा 10 जनवरी को चौथे अनुसंधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शोध कार्यों को रोगी देखभाल से जोड़ना है. यह वार्षिक कार्यक्रम संस्थान में हो रहे नवीन शोध कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का एक प्रयास है, ताकि लोग यह समझ सकें कि चिकित्सा अनुसंधान उनके जीवन को कैसे बेहतर बनाता है. कार्यक्रम में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव एवं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल मुख्य अतिथि के रूप में और डॉ. पीयूष गुप्ता (प्रधान संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.






**मेक इन इंडिया** ▶ बीएचईएल ने डिजाइन किए ट्रैक्शन कन्वर्टर्स, भोपाल में बनाए ट्रैक्शन मोटर्स व अन्य उपकरण

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के ट्रैक्शन कन्वर्टर्स का पहला सेट रवाना

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 8 जनवरी. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने रेल परिवहन क्षेत्र में अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. प्रतिष्ठित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है.**



यह आपूर्ति टीआरएसएल के साथ बीएचईएल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा की जा रही है. इस अवसर पर गुरुवार को बीएचईएल के बेंगलुरु संयंत्र में एक फ्लैग-ऑफ समारोह आयोजित किया गया. समारोह में बीएचईएल की निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) बानी वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए सेमी-हाई-स्पीड अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स के पहले सेट को रवाना किया. बीएचईएल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एस. एम. रामनाथन तथा टीआरएसएल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुए. यह प्रोपल्शन प्रणाली 176 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति तथा 160 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति के लिए सक्षम है और लंबी दूरी की रात्रिकालीन यात्राओं में उच्च दक्षता व विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है.

> यह उपलब्धि सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन क्षेत्र में बीएचईएल के रणनीतिक प्रवेश को दर्शाती है. ट्रैक्शन कन्वर्टर्स को वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की अंतिम असेंबली के लिए कोलकाता भेजा जा रहा है. इसके अलावा ट्रैक्शन मोटर्स और ट्रांसफॉर्मर्स जैसे अन्य प्रमुख प्रोपल्शन उपकरण बीएचईएल की भोपाल और झांसी इकाइयों में विकसित एवं निर्मित किए गए हैं. अत्याधुनिक आईजीबीटी आधारित तकनीक से युक्त ये अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर्स ट्रेन कोच के नीचे लगाए जाते हैं, जिससे यात्रियों की सुविधा के लिए अंदर अधिक स्थान उपलब्ध होता है और कुल पेलोड क्षमता बढ़ती है.